SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

# पति या पत्नी या पार्टनर की स्पान्सर्शिप के माध्यम से परमानेंट रेज़िडेंट बनना

## पति या पत्नी या पार्टनर की स्पान्सर्शिप क्या है?

कैनेडा में परमानेंट रेज़िडेंस पाने के कुछ तरीके हैं। पति या पत्नी या पार्टनर द्वारा स्पान्सर्शिप उनमें से एक है। यदि आप विवाहित हैं या  रिश्ते में हैं, और आपका पति या पत्नी या पार्टनर एक कनेडीयन नागरिक या परमानेंट रेज़िडेंट (PR) है, तो वे आपको परमानेंट रेज़िडेंट बनने के लिए स्पान्सर करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## पति या पत्नी या पार्टनर कौन है?

- पति या पत्नी: आप अपने स्पान्सर से विवाहित हैं और आपकी शादी आपके गृह देश और कैनेडा दोनों में कानूनी है।

- पार्टनर:

    कॉमन-लॉ पार्टनर: आप और आपका स्पान्सर कम से कम एक साल तक शादी जैसे रिश्ते में साथ रहे

    कौंजुगल (Conjugal) पार्टनर: आप अपने स्पान्सर के साथ कम से कम एक वर्ष से विवाह जैसे रिश्ते में हैं, लेकिन आप अपने नियंत्रण से बाहर के कारणों से एक साथ नहीं रह पाए हैं

## इमीग्रेशन, रेफ्यूजीज़ ऐन्ड सिटिज़न्शिप कैनेडा (IRCC) के तहत दो प्रकार के पति या पत्नी या पार्टनर स्पान्सर्शिप प्रोग्राम हैं

- फैमिली क्लास (यदि आप कैनेडा के बाहर रहने वाले पति या पत्नी, कॉमन लॉ पार्टनर या कौंजुगल पार्टनर हैं)

- पति या पत्नी या कॉमन लॉ पार्टनर इन कैनेडा क्लास (यदि आप कैनेडा में अपने स्पान्सर के साथ रहने वाले पति या पत्नी या कॉमन लॉ पार्टनर हैं और आपके पास किसी प्रकार का टेम्परेरी रेज़िडेंट स्टेटस है)

स्पान्सर्शिप के लिए योग्य होने के लिए आपको और आपके स्पान्सर दोनों को कुछ मानदंडों (Eigibility) को पूरा करना होगा।

## किसे स्पान्सर किया जा सकता है?

### आपको स्पान्सर किया जा सकता है यदि:

- आप पति या पत्नी, कॉमन लॉ पार्टनर या कौंजुगल पार्टनर हैं
- आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है
- आप कैनेडा में रहने का इरादा रखते हैं
- आप अपने स्पान्सर के साथ वास्तविक संबंध में हैं (इमीग्रेशन प्राप्त करने के उद्देश्य से नहीं)

## कौन स्पान्सर बन सकता है?

### एक व्यक्ति स्पान्सर बन सकता है यदि वे:

- कम से कम 18 साल के

- कनेडीयन नागरिक या परमानेंट रेज़िडेंट हैं

- कैनेडा में रह रहे हैं (कनेडीयन नागरिकों के लिए एक अपवाद है: यदि वे कैनेडा के बाहर रह रहे हैं, तो उन्हें यह दिखाना होगा कि वे कैनेडा में रहने की योजना बना रहे हैं, जब वह व्यक्ति जिसे वे स्पान्सर कर रहे हैं PR बन जाता है)

- अपने स्पान्सर किए जा रहे व्यक्ति के साथ वास्तविक संबंध में हैं (इमीग्रेशन प्राप्त करने के उद्देश्य से नहीं)

- यह दिखाने में सक्षम कि वे उस व्यक्ति की बुनियादी ज़रूरतें पूरी कर सकते हैं जिसे वे स्पान्सर करना चाहते हैं

नोट: कैनेडा में परमानेंट रेज़िडेंट बनने के लिए आपको सुरक्षा जांच से गुजरना होगा और उसे पास करना होगा। आपको एक मेडीकल जांच पड़ताल भी मुहैया करनी होगी, लेकिन यदि आप पति/पत्नी या कॉमन-लॉ पार्टनर क्लास के तहत आवेदन करते हैं, तो मेडीकल कारणों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## कौन स्पान्सर नहीं बन सकता है?

### एक व्यक्ति स्पान्सर नहीं बन सकता है यदि:

- उन्हें कुछ अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है (यौन अपराध, हिंसक अपराध किए है, उन्हें करने की कोशिश की या धमकी दी है, जिनमें अधिकतम 10 साल या उससे अधिक की जेल की सजा है, ऐसे अपराध जिन्होंने उनके रिश्तेदारों/परिवार के सदस्यों को शारीरिक नुकसान पहुंचाया हैं)
- उन्हें मुल्क से निकालने का (removal) आदेश है
- वे जेल में हैं
- वे सरकार से सोशल असिस्टेंस या वेलफेयर (उदाहरण के लिए, ओंटैरियो वर्क्स), प्राप्त कर रहे हैं, जब तक कि यह विकलांगता के लिए न हो
- वे स्वयं अपने पति या पत्नी या पार्टनर द्वारा स्पान्सर किए गए थे और वे 5 वर्ष से कम समय पहले परमानेंट रेज़िडेंट बने थे
- उनके पास कुछ ऋण या वित्तीय जिम्मेदारियां हैं जैसे:

o वे अभी भी पिछले पति या पत्नी, जिसे उन्होंने स्पान्सर किया था, के लिए वित्तीय रूप से जिम्मेदार हैं
o उन्होंने स्पाउज़ल या चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान नहीं किया, जिसके वे देनदार हैं
o उन्होंने IRCC से लिए गए किसी भी ऋण का भुगतान नहीं किया है
o उन्होंने अपने पहले स्पान्सर किए गए पति या पत्नी या पार्टनर द्वारा प्राप्त सोशल असिस्टेंस का वापस भुगतान नहीं किया है
o उन्होंने दिवालियापन के लिए फाइल किया और उन्हें डिस्चार्ज नहीं किया गया है

नोट: स्पाउसल/कॉमन लॉ/कौंजुगल पार्टनर स्पॉन्सरशिप के लिए आप अभी भी पति या पत्नी को स्पान्सर कर सकते हैं यदि आपकी कोई आय नहीं है (इस प्रकार की स्पॉन्सरशिप के लिए आय की कोई आवश्यकता नहीं है)। हालाँकि, आप

## स्पान्सर्शिप अंडरटेकिंग

स्पान्सर्शिप का मतलब है कि आपका पति या पत्नी या पार्टनर आपके PR बनने के बाद एक निश्चित अवधि के लिए आपको आर्थिक रूप से सहायता करने का वादा कर रहा है। इसे "अंडरटेकिंग" कहा जाता है। पति या पत्नी और पार्टनरों के लिए, आपके स्पान्सर को आपके PR बनने के दिन से 3 साल तक आर्थिक रूप से आपकी देखभाल करने का वादा करना अनिवार्य है। यदि आपके बच्चे हैं, तो यह अंडरटेकिंग बच्चों के PR बनने के दिन से 10 साल तक या बच्चे के 25 साल का होने तक (जो भी पहले आए) तक रहती है। यदि आप या आपके बच्चे उस अवधि के दौरान सोशल असिस्टेंस या वेलफेयर पर निर्भर हो जाते हैं, तो आपके स्पान्सर को वह पैसा सरकार को वापस करना होगा।

## आवेदन कैसे करें

आवेदन  (Application अब केवल ऑनलाइन ही जमा किया जाना अनिवार्य है। यदि आप विकलांगता या अन्य कारणों से ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकते हैं तो आप IRCC से एक कागजी आवेदन का अनुरोध कर सकते हैं।

1. स्पान्सर बनने के लिए आपके स्पान्सर के लिए एक आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। आपको और आपके स्पान्सर दोनों को इस आवेदन पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर करने होंगे। आपके स्पान्सर को अतिरिक्त फॉर्म भरने होंगे।

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

2. आपके स्पान्सर को आपको उनके फार्मों की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां देनी होंगी ताकि आप उन्हें अपने ऑनलाइन आवेदन पर अपलोड कर सकें। प्रधान आवेदक (Principal Applicant) के रूप में भरने के लिए आपके पास अपने फॉर्म होंगे। आपको पूरे आवेदन पर हस्ताक्षर करने होंगे।

3. आप (प्रधान आवेदक) के लिए आवेदन पोर्टल (परमानेंट रेज़िडेंस पोर्टल के रूप में जाना जाता है) पर एक ऑनलाइन अकाउंट बनाना और परमानेंट रेज़िडेंस के लिए सही फॉर्म ऑनलाइन भरना अनिवार्य है।

4. IRCC वेबसाइट में एक विस्तृत एप्लिकेशन गाइड है और यह सुनिश्चित करने के लिए एक दस्तावेज़ चेकलिस्ट प्रदान करती है कि आपको वह सब कुछ पता है जो आपको मुहैया करने की आवश्यकता है। नोट: आप जहां रहते हैं उसके आधार पर, आपको अपने देश के लिए विशिष्ट अतिरिक्त फॉर्म भरने पड़ सकते हैं। देश-विशिष्ट फॉर्मों के लिए IRCC वेबसाइट देखें।

5. फॉर्मों के साथ, आपको और आपके स्पान्सर दोनों को सहायक दस्तावेज़ मुहैया करने होंगे। उदाहरण के लिए, आपके स्पान्सर को कैनेडा में स्टेटस का प्रमाण, आय का प्रमाण आदि देना होगा। आपको ID दस्तावेज़ों, पुलिस प्रमाणपत्रों, अपने रिश्ते के प्रमाणों जैसे शादी की तस्वीरें, ईमेल, टेक्स्ट, पत्र आदि जैसी चीज़ें भी मुहैया करनी होंगी।

6. आवेदन फीस का भुगतान करना होगा।

7. आवेदन जमा करना होगा।

## फीस

चाहे आपको कैनेडा के अंदर या बाहर से स्पान्सर किया जा रहा हो, फीस के तीन भाग हैं। आवेदन में कितने बच्चे हैं, इसके आधार पर आपको अतिरिक्त फीस का भुगतान करना होगा।

1. स्पान्सर्शिप फीस ($75) - आवेदन के साथ भुगतान किया जाना अनिवार्य है

2. प्रधान आवेदक (Principal Applicant) के लिए एक प्रसंस्करण फीस(processing fee) ($490) - आवेदन के साथ भुगतान किया जाना अनिवार्य है

South Asian Legal Clinic of Ontario

3. राइट अव परमानेंट रेज़िडेंस (Right of permanent residence) फीस  ($515) - आवेदन के साथ या बाद में भुगतान किया जा सकता है

4. आपके आवेदन में आश्रित बच्चों के लिए कोई फीस - आपको प्रति बच्चा $155 का भुगतान करना होगा।

## यदि मेरा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है तो क्या होगा?

यदि आपका **ओवर्सीज़** आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है, तो स्पान्सर, इमीग्रेशन अपील डिवीजन (IAD) या इमीग्रेशन ऐन्ड रेफ्यूजी बोर्ड (IRB) को अपील कर सकता है। IRB एक ट्रिब्यूनल है जो इमीग्रेशन और रेफ्यूजी मामलों पर निर्णय लेता है।  आपका स्पान्सर या उनका वकील कारण बता सकते हैं कि आवेदन क्यों स्वीकार किया जाना चाहिए। आपके स्पान्सर के पास अपील प्रक्रिया शुरू करने के लिए आपको अपना इनकार पत्र प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन का समय है।

यदि आप इन-कनाडा स्पाउज़ल/कॉमन-लॉ स्पान्सर्शिप आवेदन के तहत आवेदन कर रहे हैं तो आपको IAD (IRB) में अपील करने की अनुमति नहीं है।  आप केवल संघीय न्यायालय (Federal Courtमें न्यायिक समीक्षा (judicial review) के लिए आवेदन करने में सक्षम हो सकते हैं।